हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
छठ पर्व की शुभकामनाएं
शनिवार, 02 नवंबर 2019, लखनऊ, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण
www.livehindustan.com
वर्ष 24, अंक 253, 18 पेज, मूल्य ₹ 4.00, कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी, विक्रम सम्वत् 2076

## प्रदूषण रोकने के लिए एलडीए और बोर्ड का कड़ा रुख

# लखनऊ में निर्माण पर रोक, ईंट भट्ठे बंद

**हिन्दुस्तान ब्रेकिंग न्यूज**

**382** पर पहुंचा लखनऊ का एक्यूआई

**23** वें स्थान पर पहुंचा लखनऊ प्रदूषण के मामले में

**लखनऊ | विजय वर्मा**

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने शहर में बन रही सभी छोटी बड़ी इमारतों के निर्माण पर रोक लगा दी है। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रभु एन. सिंह ने शुक्रवार को इसका आदेश जारी किया। प्राधिकरण ने अपनी कई परियोजनाओं का निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है। इस बीच, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने शहर के आसपास चल रहे चार ईंट भट्ठों को बंद करा दिया है।

लखनऊ में दिवाली के बाद से प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को यहां एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 382 पर पहुंच गया, जो गुरुवार की तुलना में 30 प्वाइंट ज्यादा है। एलडीए ने कहा है कि प्रदूषण की स्थिति में सुधार होने तक निर्माण कार्य बंद रहेंगे। जो बिल्डिंग तैयार हो चुकी हैं उसमें अन्दर फिनिशिंग की छूट रहेगी। राजधानी में इस समय करीब 250 इमारतों का निर्माण चल रहा है। इसमें 50 से ज्यादा सरकारी भवन और आवासीय योजनाएं हैं।

**बोर्ड की कार्रवाईः** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने चार ईंट भट्ठे बंद कराये हैं। क्षेत्रीय अधिकारी राम करन ने बताया कि ये भट्ठे पहले भी बंद कराए थे।



लखनऊ में शुक्रवार को पेड़ों पर पानी का छिड़काव किया गया

### मुख्यमंत्री प्रदेश में बढ़ते प्रदूषण से नाराज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने शुक्रवार की देर रात यहां लोक भवन में राज्य में वायु प्रदूषण की स्थिति एवं इसके निवारण के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की। प्रदेश में बढ़ते वायु प्रदूषण पर नाराजगी जताई। उन्होंने लखनऊ में बढ़ रहे वायु प्रदूषण पर अफसरों से किए गए उपायों के बारे में पूछा।

ब्योरा पेज 05

### 36 घंटे में दिल्ली जैसे हालात की आशंका

पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. भरतराज सिंह का कहना है कि लखनऊ में प्रदूषण अभी और बढ़ेगा। अगले 36 घंटे में दिल्ली जैसी स्थिति होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि पीएम 2.5 की स्थिति बच्चों के लिए काफी खतरनाक है। इसके कण बच्चों के फेफड़े में एक बार चले जाते हैं तो बाहर नहीं निकलते। उन्हें दमा की बीमारी हो जाती है।

**220 लोगों को नोटिसः** प्रदूषण फैलाने वाले 130 बिल्डरों व संस्थानों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नोटिस जारी किया है, जबकि 90 लोगों को एलडीए ने अपने स्तर पर नोटिस दिया है।

लखनऊ की हवा जहरीली पेज 05